an>

Title: Need to include lesson on blood donation as a part of curriculum in C.B.S.E.

**श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि आज की रफ्तार भरी जिन्दगी में बड़ी मात्रा में लोग सड़क हादसों के शिकार होते हैं ...(व्यवधान) उनके जीवन को बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता होती है इसी तरह से कई रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए भी रक्त चढ़ाया जाता है ...(व्यवधान) और उनकी जिन्दगी को बचाया जाता है। ...(व्यवधान) देखने में आता है कि जानकारी के अभाव में लोग जरूरतमंद लोगों को रक्त देने में हिचकिचाते हैं और आवश्यकता के क्षणों में तत्काल रक्त न मिलने से मृत्यु हो जाती है ...(व्यवधान) जबकि मेडिकल साइंस के अनुसार आदमी के रक्त देने से रक्तदाताओं को कोई नुकसान नहीं होता है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार सीबीएससीई की कक्षा दसवीं और ग्यारहवीं की सामान्य ज्ञान की पुस्तकों में रक्त दान पर एक पाठ शामिल करे ...(व्यवधान) जिसमें रक्त संबंधी रसायन रक्तदाताओं के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव आदि खत्म हो सके। ...(व्यवधान) साथ ही मानव संसाधन विभाग प्रदेश सरकारों को भी इस विषय में एडवाइजरी जारी करे। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :**

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सुधीर गुप्ता और

श्री रोड़मल नागर को श्री लक्ष्मी नारायण यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।